पंजाब केसरी 22/01/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सरस्वती महोत्सव के अंतर्गत हुई सांस्कृतिक गतिविधियां

अम्बाला, 21 जनवरी (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के सहयोग से आयोजित सरस्वती महोत्सव-2026 के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में मां सरस्वती विषय पर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, लगन एवं रचनात्मकता के साथ सहभागिता की। चित्रकला प्रतियोगिता का संयोजन भारती शर्मा एवं निकांशी द्वारा किया गया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता का संयोजन प्रियंका बलदिया ने किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट कलात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बी.सी.ए. (ए.आई.) प्रथम वर्ष के रितेश ने प्रथम स्थान, बी.बी.ए. प्रथम वर्ष के प्रिंस ने द्वितीय स्थान तथा बी.बी.ए. प्रथम वर्ष के नमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से मां सरस्वती के स्वरूप को अत्यंत सृजनात्मक एवं आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की मनीषा गौतम ने प्रथम स्थान, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की हिमानी ने द्वितीय स्थान तथा बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष की छांत्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अपने संबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि सरस्वती महोत्सव जैसे आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा एवं सृजनात्मक सोच के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ते हैं।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सरस्वती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।